K17U 2476

Reg. No. : ....

Name : ....

I Semester B.A./B.Sc. Degree (CBCSS – Regular/Supple./Improv.) Examination, November 2017
COMMON COURSE IN HINDI
1A07 HIN : Kavitha aur Kahani
(2014 Admn. Onwards)

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

1) 'चीफ की दावत' कहानी में चित्रित स्वार्थ मनोभाव का चित्रण कीजिए ।

2) 'कफ़न' कहानी में अभिव्यक्त सामाजिक चेतना पर विचार कीजिए ।

II. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

3) 'प्रथम रश्मि' कविता के आधार पर पंत जी के प्रकृति वर्णन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

4) 'मैं नीर भरी दु:ख की बदली' कविता के आधार पर महादेवी वर्मा के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

III. कम से कम 125 शब्दों में किसी **एक** अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । (1×3=3)

5) ज्यों नैननि मैं पूतरी, त्यों खालिक घट मांहि ।
मूरख लोग न जानहीं बाहरि ढूंढ़न जांहि ।।

6) अमर बेलि बिनु मूल की, प्रतिपालत जो ताहि ।
रहिमन ऐसे, प्रभुहिं तजि, खोजत फिरिये काहि ।।

IV. कम से कम 125 शब्दों में किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । (2×3=6)

7) सजा सहज सितार,
सुनी मैं ने वह नहीं जो थी सुनी झंकार
एक क्षण के बाद वह काँपी सुघर,
ढुलक माथे से गिरे सीकर,
लीन होते कर्म में फिर ज्यों कहा
'मैं तोडती पत्थर !'

P.T.O.

8) कूक उठी सहसा तरु वासिनि,
गा तू स्वागत का गाना
किसने तुमको अन्तर्यामिनि,
बतलाया उसका आना ।

9) अभिव्यक्ति के इन सीधे-सादे रूपों को भी
सब भूल गये
कोई नहीं पहचानता ।
यह कैसी लाचारी है
कि हमने अपनी सहजता ही
एकदम बिसारी है ।

V. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×3=9)**

10) कबीरदास की निर्गुण भक्ति पर प्रकाश डालिए ।

11) 'वह तोडती पत्थर' श्रमिक महिला के आत्मगौरव तथा आत्म संघर्ष का उत्तम उदाहरण है । सिद्ध कीजिए ।

12) सूरदास की कृष्ण भक्ति का परिचय दीजिए ।

13) 'वेदना की कवियित्री' महादेवी वर्मा का परिचय दीजिए ।

14) 'बीस साल बाद' कविता के द्वारा धूमिल ने आज़ादी के प्रति अपना मोहभंग व्यक्त किया है । सिद्ध कीजिए ।

VI. कम से कम **चार** वाक्यों में किन्हीं **आठ** पर टिप्पणियाँ लिखिए । **(8×1=8)**

15) कबीरदास के साखियों में व्यक्त संदेश ।

16) सूरदास का वात्सल्य वर्णन ।

17) तुलसीदास की भक्ति-भावना ।

18) रीतिकाल के कवि बिहारी का परिचय ।

19) 'नये इलाके' कविता में व्यक्त विचार ।

20) सुमित्रानंदन पंत की कविताओं की विशेषताएँ ।

21) 'बेजगह' कविता का प्रतिपाद्य विषय ।

22) 'धूमिल' का परिचय ।

23) निराला के पत्थर तोडनेवाली महिला का चित्र ।

24) 'मैं तुम लोगों से दूर हूँ' कविता में व्यक्त विचार ।